जयंती | सुदरकांड पाठ आरती तत्पश्चात भोजन भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया

# पीपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**नवभारत, तिरोड़ी।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री तिरोड़ी सरकार पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इसकी शुरुआत दिनांक 01 अप्रैल 2026 बुधवार श्री गौरी गणेश पूजन सम्पूर्ण रामायण पाठ आवाह्न के साथ प्रात: 10 बजे प्रारम्भ किया गया, जो विशेष मंडल के माध्यम से पूर्ण किया गया। 02 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रात: 5 बजे श्री तिरोड़ी सरकार पीपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमानजी महाराज का अभिषेक श्रृंगार विशेष चोला चढ़ाकर 07 बजे प्रात:कालीन आरती के पश्चात 9.00 बजे से विशाल बाइक रैली एवं नगर भ्रमण किया गया दोपहर 12 बजे रामायण पाठ विसर्जन एवं हवन पूजन किया गया तथा शाम 5.30 बजे वर्ष की सबसे बड़ी महाआरती के साथ भव्य चल समारोह शोभा यात्रा का अयोजन किया गया जो कि पिपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस हनुमान मंदिर में इसका समापन हुआ दिनांक 03 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार दोपहर 3 बजे से सुदरकांड पाठ आरती तत्पश्चात भोजन भंडारा एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने मे मंदिर समिती के पदाधिकारियों एवं तिरोड़ी नगरवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महर्षि विद्या मंदिर में हनुमान जयंती का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया



**बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में हनुमान जयंती का पावन पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु परंपरा, महर्षि महेश योगी, मां सरस्वती एवं श्री हनुमान जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, श्री वासुदेव भूते, श्री संदीप तोमर एवं श्री नीरज तिवारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरु पूजन कर सभी ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। इसके उपरांत भावातीत ध्यान शिक्षक श्री मनोज ज्योतिषी एवं सुनिता तिवारी के निर्देशन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास किया गया। भावातीत ध्यान सत्र के दौरान पूरे परिसर में शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा का विशेष वातावरण निर्मित हुआ, जिससे सभी सहभागी भावविभोर हो उठे। हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संगीत शिक्षक श्री नीतेश कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इसके साथ ही सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान हनुमान जी की स्तुति एवं आराधना की गई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी ने विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की बात कही।

## श्रीरामकथा विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की देती है प्रेरणा : प्रदीप जायसवाल



**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम कायदी में रामनवमी से हनुमान जयंती तक आयोजित एक साथ दो बडी कथा संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह मे शामिल होकर ग्रामीणो ने अपने भक्तिभाव का प्रदर्शन कर धर्म लाभ लिया। दोनो कथाओ के समापन पर शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व न पा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, न पा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, श्रीमती मनीषा पिपरेवार आदि ने व्यासपीठ को नमन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर संत श्री राधिकाशरण जी महाराज, सुश्री राधकिशोरी जी, सुश्री श्यामाकिशोरी जी व्रन्दावनधाम से भी आशीर्वाद प्राप्त कर भक्तों के सैलाब को सम्बोधित करते हुए गुड्डा भैया ने कहा की एक साथ दो कथाओं के आयोजन का उद्देश्य मानव जीवन को मर्यादित, भक्तिमय और सत्कर्म की ओर प्रेरित कर ईश्वर से जोना है। यह कथाएं विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। धार्मिक कार्यक्रम मे समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे कायदी पंचायत के अलावा निकट की ग्राम पंचायत के भक्तो ने भी अधिक संख्या मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार की सरंक्षक रेखा जितेंद्र सरपंच, दीपक चैतगुरु, जगदीश चेतगुरु, खेमनलाल चैतगुरु, राधेश्याम केलकर, कमल उपराडे, रविन्द्र सोनबिरसे, ओमप्रकाश चेतगुरु आदि के साथ हरिओम महिला मण्डल, श्रीराम महिला मण्डल एवं एकता महिला मण्डल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# ग्राम सीताखोह में सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण

▶ सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया, समता सैनिक दल ने मनाई 10वीं वर्षगांठ



**नवभारत कटंगी 3 अप्रैल।** तहसील मुख्यालय कटंगी से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सीताखोह में 31 मार्च को सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति सीताखोह के तत्वावधान में सम्राट अशोक की जयंती एवं डॉ. बाबासाहब अंबेडकर द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं सम्यक समबुद्ध की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. डॉ. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ ने की। मुख्य अतिथि एड. सुरेंद्र बारमाटे प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भदंत तन्हंकर, भदंत शीलपंथ, पूज्य भदंत धम्म घोष, पूज्य भदंत दीपंकर , पूज्य भदंत शरणकर, पूज्य भदंत प्रज्ञानंद ,कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी, महेंद्र हिरकने तहसील अध्यक्ष, संजय शेन्डे अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी, दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष, महेश बोरकर, भोजराज वासनिक, डीडी गजभिए नगर अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ कटंगी, रामचंद्र मेश्राम, रेखा बाई भूपेंद्र देशमुख, एड यशवंत गनवीर, विधायक प्रतिनिधि टिवंकल बागमारे उपस्थित रहे।

### निकाली गई वाहन रैली

कार्यक्रम के प्रारंभ में ऐतिहासिक धम्म भूमि अर्जुननाला कटंगी के भदंत तन्हंकर, भदंत शिलपंथ, भदंत शरणकर, भदंत धम्म घोष, भदंत प्रघानन्द, भदंत दीपंकर द्वारा तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वाहन रैली से ग्राम सीताखोह में प्रवेश किया। ग्राम सीताखोह के बौद्ध उपासक व उपासिकाओं ने ग्राम का भ्रमण कर रैली सम्राट अशोक बुद्ध विहार में कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुई।

### गीत व गजल की दी गई प्रस्तुति

कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े व मुख्य अतिथि एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे व अन्य अतिथियों ने धूप दीप जलाकर तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुनील डोंगरे एवं गोविंदा गावठी ने बुद्ध अंबेडकर मिशन पर गीत व गजल की प्रस्तुति दी।

### युवाओं को आगे आना चाहिए : मेश्राम

मंचीय उद्बोधन में रामचंद्र मेश्राम ने कहा कि आज बुद्ध व अंबेडकर के कारवां को बढ़ाने के लिए युवाओं को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। प्रोफेसर आशीष बोरकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग को वंचितों के बीच जाकर बुद्ध अंबेडकर मिशन का प्रचार प्रसार करना चाहिए, संजय शेन्डे अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी) ने अपने उद्बोधन ने कहा कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास जैसे बुराइयों को खत्म करने के लिए तथागत बुद्ध के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

### बुद्ध विहारों से भाईचारे का संदेश जाना चाहिए : बारमाते

मुख्य अतिथि एडवोकेट सुरेंद्र बारमाते ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध विहारों से समाज में समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, भाईचारा का संदेश जाना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहां कि मौर्य वंश के 10 राजाओं में 8 राजाओं ने बुद्ध धर्म का प्रचार प्रसार किया। देवानंद प्रिया सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में 84000 बौद्ध विहारों का निर्माण किया।

## वारासिवनी महाविद्यालय में आज होगा रोजगार मेले का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** वारासिवनी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में जिला प्रशासन बालाघाट के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 4 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। यह रोजगार मेला महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में टाटा, रॉयल एनफील्ड, माइक्रान, यजाकी और फॉक्सकॉन जैसी प्रमुख कंपनियां चयन प्रक्रिया के लिए शामिल होंगी। विशेष रूप से बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन कंपनी महिलाओं के लिए विशेष रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भाग ले रही है। रोजगार मेले में शामिल होने वाले युवाओं का पंजीयन 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। पंजीयन के बाद उम्मीदवार संबंधित कंपनियों की चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# प्रवेश उत्सव में बच्चें बने भृत्य, 1 किमी दूर से बुलवाई चाय

▶ शासकीय माध्यमिक स्कूल किन्हीं का मामला

**नवभारत, खैरलांजी।** नई कक्षा में प्रवेश करने नया सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया मध्यप्रदेश शासन ने शुरू कर दी है और इसी के तहत में 1 अप्रैल को प्रदेश भर में प्रवेश उत्सव बच्चों के साथ बनाया गया, वहीं ऐसा विडियों सामने आया हैं जिसने शिक्षा विभाग को उत्सव के दिन शर्मीदा कर दिया है। खैरलांजी विकासखण्ड अंतर्गत एकीकृत शासकीय महाविद्यालय किन्ही की प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर ने बच्चों में उत्साह बड़ाने के बजाए उन्हें प्युन बना दिया और स्कूल से एक किमी दूर चाय लाने के लिए भेजवा दिए। सौर्भाग्य रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई, लेकिन इसके बाद अब शिक्षा विभाग पर कई सवाल खड़े कर दिए है।

जानकारी अनुसार, एकीकृत शासकीय महाविद्यालय किन्ही में प्रधानपाठिका, शिक्षक, शिक्षिकाए, गणमान्य नागरिकगण और विद्यालय में बच्चों का उत्सावर्धन बड़ाने के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर में अतिथियों को चाय




पिलाने के लिए प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर ने कक्षा सातवीं पास करके कक्षा आठवीं में प्रवेश किए हैं, उन तीन बच्चों को चाय के लिए विद्यालय से दूर खैरलांजी से तुमसर रोड़ हाईवे पर साईकिल से सवार होकर फार्म चौंक(अवंती बाई चौक) में मुंजारे जलपान संेटर में पहुंचे और उन्होने एक केटली में चाय रखकर वापस विद्यालय के लिए निकल गए। वायरल विडियों में देखा जा रहा हैं कि एक साईकिल में सवार बच्चा के हाथ में चाय की केटली हैं, जो एक बच्चा साईकिल चला रहा हैं तो दूसरा बच्चा पिछे बैठ कर चाय की केटली पकड़ा हुआ हैं। वहीं दूसरा बालक दूसरी साईकिल चला रहा है।

### बच्चों ने कहा- मैडम ने भेजा

बच्चों की किसी ने विडियों बना लिए, बच्चों से पुछे जाने पर बोला जा रहा हैं कि हम साईकिल से स्कूल से चाय के लिए आए हैं, हमें मैड़म तुरकर ने भेजा है। इससे यह लापरवाही सामने आई हैं कि बच्चों को अभिभावक पड़ाई कराने के लिए विद्यालय भेजते हैं और शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई के बजाए चपराई बनाकर दुकान चाय के लिए भेजवाया जाता हैं।

### प्रधानपाठिका बोली हमने भेजा था

प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर से फोन पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रवेश उत्सव के पश्चात गांव के सरपंच और अन्य लोगों को चाय पिलाना था, तो हमारे पास कोई प्युन नहीं हैं, इसलिए हमने ही स्कूल के बच्चों को चाय के लिए दुकान भेजा था। हम क्या करते हमें तो चाय के लिए भेजना ही था। हमने पुछा की कोई अनहोनी होती तो कौन जिम्मेदार होतो तो जवाब दिया गया कि कैसा कुछ हो जाता, ऐसा कुछ नहीं हुआ हैं। हमारे पास प्युन नहीं है तो चाय पिलाना ही पड़ता है।

### इनका कहना हैं

यह मामला आपने संज्ञान में लाया हैं, बीआरसी खैरलांजी को जानकारी से अवगत कराते हुए जांच कराई जाऐगी जो भी जांच में पाया जायेगा, उसके पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**अश्वनी उपाध्याय**
**जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट**

# वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश




**नवभारत, बालाघाट।** वृद्ध माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण अधिकरण, बालाघाट द्वारा भटेरा चौकी स्थित वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर अधिकरण के अध्यक्ष प्रतिनिधि मंजूलता महोबिया, सुलह अधिकारी अधिवक्ता बी.आर. भैरम, सदस्य श्रीमती फिरोजा खान, पुलिस हमदर्द सेल के शैलेन्द्र शुक्ला एवं श्रीमती रुपरेखा नगपुरे उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने वृद्धाश्रम में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अधिकरण द्वारा वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था करने, आवश्यक रैक (अलमारी) लगाने, स्वच्छ एवं आरामदायक गद्दे उपलब्ध कराने, टीवी नियमित रूप से चालू रखने, शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था करने तथा पीने के लिए ठंडे पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अधिकरण ने संबंधित प्रबंधन को निर्देशित किया कि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# मिर्च के अवैध परिवहन पर सख्ती, बालाघाट मंडी समिति की बड़ी कार्रवाई, 1.98 लाख रुपये वसूले

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में सूखी लाल मिर्च के व्यापार में हो रही अनियमितताओं और कर चोरी पर कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1.98 लाख रुपये का मंडी शुल्क एवं जुर्माना वसूल किया है। गर्मी के सीजन में मिर्च की बढ़ती मांग के बीच नागपुर की कलमना मंडी से बालाघाट जिले में भारी मात्रा में सूखी मिर्च की आवक हो रही है, लेकिन इसमें बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी सामने आई है।

जांच में पाया गया कि स्थानीय व्यापारी 220 से 250 रुपये प्रति किलो में मिर्च बेच रहे हैं, जबकि नागपुर मंडी में इसका थोक भाव 140 से 180 रुपये प्रति किलो है। इसके बावजूद व्यापारी कम दर (50 से 90 रुपये प्रति किलो) के बिल पर मिर्च मंगाकर मंडी शुल्क और जीएसटी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही बिल में कम मात्रा दर्शाकर और वाहनों में अधिक माल लोड कर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।



मंडी प्रशासन के अनुसार सूखी मिर्च पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू है और 50 हजार रुपये से अधिक के अंतर्राज्यीय परिवहन के लिए ई-वे बिल अनिवार्य है। लेकिन कई मामलों में कम मूल्य और वजन दर्शाने के कारण ई-वे बिल नहीं बनाया जा रहा, जिससे कर चोरी की आशंका बढ़ रही है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी के निर्देशन और तहसीलदार मंजुला महोबिया के मार्गदर्शन में मंडी समिति के उड़नदस्ता दल ने 2 अप्रैल को दो बड़ी कार्रवाइयां कीं। दल ने नागपुर से बालाघाट आ रहे दो ट्रकों को पकड़कर जांच की, जिसमें आवश्यक दस्तावेज, बिल और ई-वे बिल नहीं पाए गए।

नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यापारियों पर पांच गुना मंडी शुल्क और जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान परी ट्रेडर्स से 18,890 रुपये, वैष्णवी ट्रेडर्स से 7,880 रुपये और गणेश किराना बिसोनी से 3,345 रुपये दंड स्वरूप वसूले गए। वहीं वैध बिल पर आए माल पर गुजरात किराना से 4,840 रुपये और जय भवानी ट्रेडर्स से 680 रुपये मंडी शुल्क वसूला गया। इस तरह कुल 35,635 रुपये की वसूली की गई। पिछले तीन दिनों में जिले की विभिन्न मंडी समितियों ने भी सघन अभियान चलाते हुए कई कार्रवाइयां की हैं। 31 मार्च को वारासिवनी मंडी ने तीन वाहनों से 66,619 रुपये और बालाघाट मंडी ने एक वाहन से 51,500 रुपये वसूले। 1 अप्रैल को कटंगी मंडी ने 29,678 रुपये तथा 2 अप्रैल को वारासिवनी मंडी ने दो वाहनों से 14,269 रुपये दंड स्वरूप वसूले।

इस कार्यवाही में मंडी सचिव भानेश्वर तुरकर, मंडी निरीक्षक भीमेन्द्र चौधरी, विनोद बंसो, उपनिरीक्षक मनोज पटले, वासुदेव , जीवनसिंह कुसरे, दीपशिखा पोचाटे और प्रकाश सोनवाने सम्मिलित रहे। मंडी प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे वैध बिलों पर ही व्यापार करें और मंडी शुल्क व जीएसटी से बचने के लिए किसी भी प्रकार की हेराफेरी न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तरीय शिविर आयोजित

▶ संकल्प करने से ही समस्या का समाधान होता है : सांसद पारधी




**नवभारत, बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। इस अभियान के समापन अवसर पर 03 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, कलेक्टर मृणाल मीना, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जी एस धुर्वे, डी पी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर एम आर कोल, राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव, नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद भारती पारधी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनायें बनायी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। जब हम संकल्प कर लेते हैं तो उस समस्या का समाधान अवश्य होता है। संकल्प से समाधान अभियान भी अपने नाम के अनुरूप पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं से लाभांवित करने का माध्याम बना है। बालाघाट जिला शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश एवं देश में अग्रणी रहा है। इसके लिए बालाघाट का जिला प्रशासन एवं उसका नेतृत्व सराहना का पात्र है। आज भी इस शिविर के माध्यम से आवास योजना, पेंशन योजना एवं स्वनिधि योजना का लाभ दिया गया है। सांसद श्रीमती पारधी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में कुछ लोगों के नाम काटे जाने की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि इस समस्या पर संज्ञान लेकर उसका निराकरण किया जाये।

# एनजीटी के आदेशों की अवमानना

▶ कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नहीं कर रहे पालन

**नवभारत, बालाघाट।** वैसे तो बालाघाट का जिला प्रशासन किसी स्वार्थ या नेताओं के दबाव में किसी भी कार्य को करने में तत्परता दिखाता है और रॉकेट की गति से कार्य को अंजाम देता है जैसे अवकाश के दिनों में सर्किट हाउस रोड पर एक निजी व्यावसायिक भवन को 24 घन्टों में जमींदोज करने का मामला हो लेकिन एनजीटी के आदेशों पर बालाघाट नगर के मध्य में स्थित शासकीय देवी तालाब से अतिक्रमण हटाने और प्रदूषित पानी को रोकने के निर्देशों का पालन करने में सांप सूंघ जाता है और ऐसा क्यों न हो जब



प्रदेश स्तर पर ही अधिकारी एनजीटी के आदेशों को धता बता रहे है तो जिला स्तर के अधिकारियों को भी इससे बल मिलता है कि वो भी एनजीटी जैसे न्यायाधिकरण के आदेशों की लगातार अवहेलना करे।

**एनजीटी के आदेश** -एनजीटी भोपाल द्वारा याचिका क्रमांक 130/2025 द्वारका नाथ चौधरी व अन्य बनाम मध्यप्रदेश राज्य व अन्य में दिनांक 23.09.2025 को आदेश जारी कर कलेक्टर बालाघाट को निर्देशित किया गया था कि बालाघाट नगर के मध्य में स्थित शासकीय देवी तालाब से 4 सप्ताह में अनुपचारित पानी को तालाब में मिलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये तथा तालाब के सभी अतिक्रमण तो तत्काल हटाये द्य जिसके पश्चात् एनजीटी भोपाल के द्वारा पुन: दिनांक 10/11/2025 को आदेश जारी कर कलेक्टर बालाघाट / मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद बालाघाट को निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर शासकीय देवी तालाब में अशोधित पानी को जाने से रोका जावे एवं नियमानुसार अतिक्रमण को हटाया जावें द्य इसके बाद दिनांक 12.01.2026 एवं 25.03.2026 को भी अपने आदेशों को जारी रखा किन्तु एनजीटी भोपाल जारी आदेश में समयसीमा बीत जाने के बाद भी कलेक्टर बालाघाट / मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद बालाघाट कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### अब सदस्य सचिव के आदेश

मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के सदस्य सचिव ने प्रदेश के समस्त आयुक्त एवं समस्त नगरपालिका अधिकारी को दिनांक 13.02.2026 को पत्र जारी कर एनजीटी के आदेशों के अनुरूप जिले में सीमांकित वेटलैंड के चारो ओर बाउंड्री पिलर स्थापित करने तथा वेटलैंड क्षेत्र के भीतर अतिक्रमण को नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर हटायें जाने आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया है ।